**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने केन्द्र से किन्नौर ज़िले में शिपकी–ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने की संभावनाएं तलाशने का किया आग्रह।
- आपदा प्रभावित मण्डी ज़िले में राहत व पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर जारी– राज्यपाल ने शिमला से राहत सामग्री से भरे 3 वाहनों को किया रवाना।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– केन्द्र सरकार ने आपदा राहत के लिए प्रदेश को हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन।

**और**

- प्रदेश के अनेक स्थानों पर अगले 24 घंटों में भारी वर्षा का अलर्ट– लोगों को सतर्क रहने की सलाह।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**सीएम–आग्रह**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार से किन्नौर ज़िले में शिपकी–ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे एक पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिपकी–ला क्षेत्र वर्तमान सीमाओं से पूर्व भारत–तिब्बत व्यापार का महत्वपूर्ण मार्ग रहा है। उन्होंने कहा कि रामपुर और पूह से शिपकी–ला तक पहले से ही सड़क सुविधा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिपकी–ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का कदम किन्नौर के जनजातीय लोगों के उत्थान में भी दूरगामी भूमिका निभाएगा।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन शिमला से आपदा प्रभावित मण्डी ज़िले के लिए राहत सामग्री से भरे 3 वाहनों को आज रवाना किया। इन वाहनों में प्रभावितों के लिए कम्बल, तिरपाल और किचन सैट सहित अन्य सामग्री शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि इस आपदा से मण्डी ज़िले में भारी क्षति हुई है जिससे उबरने में काफी समय लग जाएगा। उन्होंने सभी से प्रभावितों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में बार–बार होने वाली प्राकृतिक आपदाओं पर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने नागरिकों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि मण्डी ज़िले में आई आपदा से निपटने व पुनर्वास के लिए केन्द्र सरकार ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मण्डी ज़िले के थुनाग में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे लगातार प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ संपर्क में हैं और इस विषय को लेकर उनकी कई केन्द्रीय मंत्रियों से भी बात हुई है। जयराम ठाकुर ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार भी पूरी गंभीरता से काम करते हुए राहत कार्यों में तेज़ी लाएगी।

***45, 46 के लगभग मिसिंग लोग है तीनों विधानसभा क्षेत्र में सराज, नाचन, करसोग और धर्मपुर में, अभी तक 11 लोगों की डेड बॉडी रिकवर हो पाई है। तो ये आंकड़ा बहुत आगे जाएगा ऐसा लगता है। स्टेट गवर्नमेंट की ओर से हम उम्मीद करते हैं कि चीजें बहुत तेजी से होंगी आज मौसम ठीक थोड़ा सा भी हुआ है अब राहत कार्य को गति पकड़नी चाहिए और खासतौर से जो राशन जहां दूरदराज के इलाके में पहुंचाने का है जहां कनैक्टिविटी का कोई ज़रिया नहीं रह गया है वहां पर पहुंचाने के लिए हमें काम करना है उस काम को हम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के कार्यालय से हमारा संपर्क हो गया है और गृह मंत्री जी से बात हुई है, और भी मंत्रियों से केंद्र में बात हुई है, लेकिन***

*मदद जो हिमाचल प्रदेश को इस आपदा की घड़ी में मिलनी थी, वह केंद्र सरकार देने के लिए, उन्होंने कहा कि जितना भी हो सकेगा हम मदद करेंगे।*

जयराम ठाकुर ने बताया कि थुनाग और लंबाथाच तक सड़क सुविधा बहाल हो गई है लेकिन इससे आगे सड़क खोलने में अभी लम्बा समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुविधा बहाल होने से अन्य व्यवस्थाएं भी सुचारू हो रही हैं।

**कंगना रनौत**

मण्डी से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने आज सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी इस दौरान मौजूद रहे। कंगना रनौत ने थुनाग बाज़ार में भी नुकसान का जायज़ा लिया और कहा कि सराज क्षेत्र में आपदा से भारी क्षति हुई है और ऐसे में सभी को प्रभावितों की मदद करने की ज़रूरत है। कंगना रनौत ने कहा कि वे केन्द्र सरकार के समक्ष आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग रखेंगी। इसके अलावा प्रभावितों के पुनर्वास और पुनर्स्थापना का आग्रह भी केन्द्र सरकार से किया जाएगा।

*बहुत ही दुख हुआ और एक तरह से झिंझोड़ के रख देने वाली त्रासदी हुई है। सारी नदी का पानी जो है लोगों के घर बस्तियां सब बहा के ले गया। लोग भी लापता है, बच्चे लापता है तो एक तरह से बहुत ही एक संकट हम पर आ पड़ा है। मैंने प्रधानमंत्री जी की टीम को इस चीज का पूरा ब्यौरा दिया है कि इतना नुकसान हो गया है और जल्द जल्द हमको जो है वो रिलीफ फंड चाहिए होगा। उसके साथ ही मैं एचएम जी की टीम को भी आज मैंने रिक्वेस्ट किया है अगर उनसे बात हो जाए तो तो उनको भी मैंने यह ब्यौरा देना है कि यहां पर इतना हमें तो हमें भारी राहत फंड की जरूरत होगी।*

**भाजपा**

मण्डी ज़िले के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में भाजपा ने पिछले 48 घंटों में 2 हज़ार से अधिक राहत किटें प्रभावितों तक पहुंचाई हैं। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि कल पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा 5 हज़ार से अधिक राहत किटें प्रभावित इलाकों में पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि राहत किटें पहुंचाने के कार्य की देखरेख के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए रहे। हालांकि मॉनसून की सक्रियता के चलते सुबह के समय कुछ क्षेत्रों में वर्षा भी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जबकि लाहौल–स्पीति व किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अधिक बारिश की आशंका को देखते हुए बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो रही है, जिसके चलते प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इस मॉनसून सीज़न के दौरान प्रदेश में अब तक 78 लोगों की मृत्यु हुई है और 37 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

**मार्ग बहाल**

मण्डी ज़िले में जंजैहली वाया रायगढ़ करसोग मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। इसके अलावा बगस्याड़ से थुनाग और लंबाथाच मार्ग भी खोल दिया गया है। इन सड़कों के खुलने से प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री पहुंचाने में आसानी हो रही है। उपायुक्त अपूर्व देगवन ने बताया कि जंजैहली मार्ग खुलने के बाद एक निजी होटल में फंसे 63 पर्यटकों और चालक दल को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि आपदा से बुरी तरह प्रभावित जंजैहली क्षेत्र में हवाई मार्ग के माध्यम से भी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

**नुकसान**

इस बीच मंडी व चंबा जिलों में बादल फटने की सूचना है। हमारे संवाददाता के अनुसार चंबा जिला के चुराह उपमंडल के तहत बघेईगढ़ नाले में बादल फटने से नकरोड़–चांजू मुख्य मार्ग पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया। ग्राम पंचायत चरड़ा, चांजू, देहरा, बघेईगढ़ सड़क मुख्य मार्ग से कट कई है। वहीं दूसरी ओर मंडी ज़िले में पधर उपमण्डल के कोतरंग गांव में बीती रात हुई बादल फटने की घटना में 3 पैदल पुलों सहित एक वाहन योग्य पुल बह गया। इस घटना में स्थानीय लोगों की करीब 50 बीघा

भूमि भी बाढ़ में बह गई है। पधर के एस.डी.एम. सुरजीत सिंह ने आज इस गांव का दौरा कर नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने प्रशासन की ओर से प्रभावितों को 17 तिरपाल वितरित किए।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा को विश्व शांति, करूणा, एकता व मानवता का प्रतीक बताया है। राजधानी शिमला के छोटा शिमला में आज दलाई लामा के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि दलाई लामा के कारण ही धर्मशाला को वैश्विक पहचान मिली है। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने तिब्बती समुदाय के हितों की रक्षा के लिए समय–समय पर कई अहम कदम उठाए हैं और इसमें पूर्व की कांग्रेस सरकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**जगत सिंह नेगी**

इस बीच, बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा के जन्म दिवस पर रिकांगपिओ में आयोजित समारोह में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार बौद्ध धर्म व भोटी भाषा के संरक्षण, संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से दलाई लामा के जीवन से सीख लेकर व्यक्तित्व निर्माण करने का आह्वान किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि किन्नौर ज़िले में मेलों के आयोजन पर बल दिया जा रहा है ताकि लोगों में आपसी भाईचारा, रीति–रिवाज़ और भावनात्मक संबंधों पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

**दुर्घटना**

कुल्लू ज़िले में मनाली–रोहतांग मार्ग पर राहनी नाला के समीप आज एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुआ है। मृतकों में से 3 की पहचान कर ली गई है। इनमें मनाली के सिमसा गांव से चालक नरेन्द्र कुमार जबकि पंजाब के होशियारपुर निवासी रणजीत सिंह और हरविन्दर सिंह शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से संवेदना जताई है।

**मांग**

कुल्लू पीपल्ज़ एसोसिएशन शिमला ने कुल्लू ज़िले के शाकटी–मरोड़ गांवों को स्थायी विद्युत संचार लाइन से जोड़ने का आग्रह किया है। एसोसिएशन के महासचिव ओ.पी. काइस्था ने कहा है कि इस बारे में बिजली बोर्ड के सौर ऊर्जा से संबंधित मुख्य अभियंता को भी एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शिमला में मिला है। इन गांवों को अभी सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली मिल रही है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री ने केन्द्र से किन्नौर ज़िले में शिपकी–ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने की संभावनाएं तलाशने का किया आग्रह।
- आपदा प्रभावित मण्डी ज़िले में राहत व पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर जारी– राज्यपाल ने शिमला से राहत सामग्री से भरे 3 वाहनों को किया रवाना।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– केन्द्र सरकार ने आपदा राहत के लिए प्रदेश को हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन।
- प्रदेश के अनेक स्थानों पर अगले 24 घंटों में भारी वर्षा का अलर्ट– लोगों को सतर्क रहने की सलाह।